आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में कल हुई राज्य एकल खिड़की स्वीकृति एवं अनुश्रवण प्राधिकरण की 31वीं बैठक में नई औद्योगिक इकाइयां स्थापित करने तथा मौजूदा इकाइयों के विस्तार के लिए 28 परियोजना प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इन प्रस्तावों में लगभग 1 हजार 734 दशमलव छह पांच करोड़ रुपये का निवेश और 5 हजार 388 व्यक्तियों को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाने प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रस्ताव में कौशल–वार रोजगार का विवरण शामिल होना चाहिए तथा श्रम–प्रधान एवं हरित उद्योगों को आकर्षित करने के प्रयास किए जाने चाहिए।

नितिन गडकरी

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण वर्ष 2027 तक देश में उत्पन्न होने वाले सभी नगरपालिका कचरे का उपयोग सड़क निर्माण में करने की योजना बना रहा है। उन्होंने कहा कि अब तक लगभग 80 लाख टन नगरपालिका कचरे का उपयोग सडक निर्माण में किया जा चुका है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक सडक पर पशुधन से प्राप्त जैव बिटुमेन का उपयोग किया गया जिसे केंद्रीय अनुसंधान संगठन द्वारा पेट्रोलियम बिटुमेन से बेहतर प्रमाणित किया गया है। गडकरी ने बताया कि नगरपालिका कचरे सहित विभिन्न स्रोतों से हाइड्रोजन प्राप्त करने के लिए कई शोध किये गये हैं।

जयराम ठाकुर

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रियंका गांधी समेत सभी कांग्रेस नेताओं पर हिमाचल में विधानसभा चुनाव के दौरान झूठी गारंटियां देकर वोट चोरी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा आज 3 साल बीतने के बाद भी उन गारंटियों का कोई नाम नहीं ले रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री बताएं प्रियंका गांधी के घर बनाने पर हिमाचल को क्या फायदा हुआ ?

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रियंका जी आप ने हिमाचल प्रदेश में घर बनाया इससे हिमाचल प्रदेश को बहुत लाभ हुआ। और यह हिमाचल जानना चाहता है सही मायने में हिमाचल प्रदेश को क्या लाभ हुआ। हिमाचल प्रदेश में इस वक्त डिजास्टर एक्ट लगा है और आप अच्छी तरह से मालूम है कि हिमाचल एक बहुत बडी आपदा के दौर मे से गुजरा है। अच्छा होता आप इस वक्त हिमाचल प्रदेश में आपदा प्राभावित इलाकों का दौरा करते और आपदा प्रभावित लोगों से भी मिलते। जब प्रधानमंत्री जी आ कर यहां पर आपदा प्रभावित इलाकों का दौरा कर सकते हैं और आपदा प्रभावित लोगों से मिल सकते है और हिमाचल प्रदेश के लिए 1500 करोड रूपए देने की घोषणा कर सकते है आप से इतनी तो उम्मीद करना मुझे लगता है कि उचित होगा कि आप आपदा प्रभावित इलाकों का दौरा करके आपदा प्रभावित लोगों के दुख को सांझा करते ।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि जो पीजीटी अपनी पदोन्नति पोस्टिंग में समय पर ज्वाइनिंग नहीं दे रहे हैं, उनकी पदोन्नति रद्द कर सरकार अगले योग्य उम्मीदवार को मौका देगी। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिक्षा विभाग में प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, भर्ती प्रक्रियाओं और अवसंरचना कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नए प्राथमिक विद्यालय खोलने की औपचारिकताएं जल्द पूरी की जाए ताकि प्रस्ताव मंत्रिमंडल के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके।

निर्वाचन आयोग

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि राष्ट्रीय और राज्य स्तर के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला निर्वाचन अधिकारियों ने ईवीएम प्रबंधन प्रणाली के माध्यम रैंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूरी की। निर्वाचन आयोग ने बताया कि रैंडमाइज्ड ईवीएम और वीवी पैट की निर्वाचन क्षेत्रवार सूची सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तर के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ साझा की गई। आयोग ने कहा कि ईवीएम और वीवीपैट को राष्ट्रीय और राज्य स्तर के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में संबंधित विधानसभा के स्ट्रांग रूम में रखा जाएगा। यह सूची सभी प्रत्याशियों के साथ भी साझा की जाएगी।

बंजार

कुल्लू जिला के बंजार से जलोड़ी जोत तक बस सेवा का ट्रायल सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। कुल्लू की उपायुक्त तोरुल एस. रवीश ने बताया कि ज़िला की सभी मुख्य सड़कों पर बस सेवा आरम्भ हो गयी है।

कुल्लू जिला में बीते दिनों आई आपदा के बाद अब जिला की सभी मुख्य सड़कों पर आवाजाही आरंभ हो गई है। विगत दो महीनों से भी अधिक समय से आवाजाही के लिए बंद पड़ी कुल्लू–आनी–रामपुर बस सेवा आज से शुरू हो गई है। इस बस सेवा के शुरू होने से बंजार घाटी के जीभी, घ्यागी, सोजा व जलोड़ी जोत क्षेत्र के लोगों को यातायात की बड़ी सुविधा मिली है। हालांकि एनएच 305 और बंजार–जलोड़ी जोत मार्ग पहले से ही छोटे वाहनों के लिए खोल दिया गया था। परंतु आज से बस सेवा शुरू होने से लोगों ने राहत की सांस ली है। आकाशवाणी के लिए कुल्लू से आशीष शर्मा।